## सीमित निविदा आमंत्रण सूचना

अनुबंध-1 में दिए अनुसार सचिवालयीन लेखापरीक्षा के कार्य के निष्पादन हेतु वर्ष 2014-15 के लिए कम्पनी सचिव अथवा कम्पनी सचिवों की किसी फर्म को नियोजित किए जाने हेतु **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल)** द्वारा मुहरबन्द सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के अन्य निबंधन एवं शर्तों को **अनुबंध-2** में दिया गया है। 30.03.2014 के अनुसार कम्पनी की प्रदत्त पूंजी 2397 करोड़ रूपये है।

निविदा की समय-सारणी

निविदा संख्या आईएसपीआरएल/सीएस/01

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तथा समय : 26.02.2015 को 13.00 बजे तक

निविदा को खोलने की तिथि तथा समय : 26.02.2015 को 14.30 बजे

स्थान : इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड,
ओआईडीबी भवन,
प्लॉट संख्या 2,सेक्टर-73, नोएडा-201301

सभी प्रकार से पूर्ण निविदाएं समय-सूची में निर्दिष्ट तिथि तथा समय से पूर्व इस कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निविदाएं कार्यालय के उक्त पते पर किसी भी कार्य दिवस को 0900 बजे से 1730 बजे के मध्य सौंपी जा सकती हैं अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा सकती हैं ताकि वे उक्त निविदा की समय-सूची में निर्दिष्ट निर्धारित तिथि तथा समय को अथवा उससे पूर्व परामर्शदाता, अधिप्राप्ति के पास पहुंच जाए। यह कार्यालय निर्दिष्ट तिथि तथा समय के भीतर निविदा की प्राप्ति में किसी प्रकार के विलम्ब हेतु उत्तरदायी नहीं होगा और

निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया जाएगा।

परामर्शदाता, अधिप्राप्ति

**दिनांक तथा फर्म की मोहर के साथ निविदाकार के हस्ताक्षर**

1. **कार्य का क्षेत्र**

कार्य का व्यापक क्षेत्र निम्नलिखित होगा -

कम्पनी की सचिवालयीन लेखापरीक्षा का निम्न के अनुसार संचालन -

- कम्पनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप। सचिवालयीन लेखापरीक्षा को समय-समय पर कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी संगत आदेशों/स्पष्टीकरण के अनुपालन में किया जाना होगा।
- कम्पनी के संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेद।
- कम्पनी पर विशिष्ट रूप से लागू होने वाली अन्य विधियां।
- सचिवालयीन लेखापरीक्षा से संबंधित अथवा प्रासंगिक होने वाला अन्य कोई कार्य।

2. **पूर्णता अवधि**

कम्पनी सचिव अथवा कम्पनी सचिवों की फर्म अपनी रिपोर्ट विहित प्रारूप में वर्तमान वित्त वर्ष अर्थात 31.03.2015 के अन्त से 60 दिवस के भीतर प्रस्तुत करेगी।

स्थान:

दिनांक : (प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

अधिकारिक मोहर के साथ

**अनुबंध-2**

1. **<u>अन्य निबंधन एवं शर्तें</u>**

- यह नियुक्ति वित्त वर्ष 2014-15 हेतु सचिवालयीन लेखापरीक्षा के लिए है।
- प्रस्ताव दस्तावेज के सभी पृष्ठों पर आवेदक/आवेदक की फर्म के हस्ताक्षर फर्म की सील के साथ होने चाहिए।
- प्रस्ताव में लिखावट पर उपरिलेखन/सुधार/मिटाए जाने अथवा सफेद स्याही के प्रयोग से बचा जाना चाहिए। तथापि, यदि ऊपर लिखावट/सुधार/मिटाया जाना अनावश्यक हो तो उक्त को प्राधिकृत व्यक्ति/आवेदक फर्म के हस्ताक्षर तथा मुहर द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।
- कम्पनी के पास किसी अथवा सभी प्रतिउत्तरों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने और किसी भी चरण पर एक अथवा अधिक आवेदकों से अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण का अनुरोध करने अथवा बिना कोई कारण बताए अपने स्वयं के विवेक पर पूर्णतः प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। कम्पनी उन आवेदनों/निविदाओं को भी अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है जो बिना कोई कारण बताए अनुदेशों का अनुपालन करने में विफल रहे थे और यह कम्पनी को निम्नतम अथवा किसी विशिष्ट प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं करता है।
- फर्मों को अपने प्रस्ताव में सेवा कर पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो, को प्रस्तुत करना अपेक्षित है।
- सफल आवेदकों/बिडर को उसकी निविदा की स्वीकृति की सूचना दी जाएगी।

2. **नियुक्ति पर फर्मों द्वारा अनुपालन/घोषणा/प्रमाण-पत्र**

प्रैक्टिस कर रहे कम्पनी सचिव/कम्पनी सचिवों की फर्म को सचिवालयीन लेखापरीक्षक की नियुक्ति पर सांविधिक/कम्पनी नियमों के अंतर्गत यथापेक्षित अनुपालन तथा घोषणा और प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होता है जो निम्नानुसार है-

1. प्रैक्टिस कर रहा कम्पनी सचिव/कम्पनी सचिवों की फर्म सचिवालयीन लेखापरीक्षक कार्य को आगे किसी और को उप संविदा के रूप में नही देंगे।

2. सचिवालयीन लेखापरीक्षा दल पूर्णतः गोपनीयता के साथ कार्य करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड/वार्षिक आम/आम/कार्यकारी/लेखापरीक्षा समिति बैठकों के संबंध में सचिवालयीन डाटा तथा अन्य सूचना और सचिवालयीन लेखापरीक्षा के चालन के दौरान पता चलने वाली अन्य किसी जानकारी को सचिवालयीन लेखापरीक्षा के दौरान अत्यन्त गोपनीय तथा गुप्त तरीके से रखा जाए।

3. प्रैक्टिस कर रही कम्पनी सचिवों की फर्म का कोई भी भागीदार कम्पनी अधिनियम, 2013 की अर्थ के भीतर या तो प्रबंध निदेशक अथवा कम्पनी के किसी पूर्णकालिक निदेशक या किसी अल्पकालिक निदेशक से संबंधित नहीं होना चाहिए।

4. न तो प्रैक्टिस कर रहा कम्पनी सचिव/कम्पनी सचिवों की फर्म न ही उसके भागीदार अथवा एसोसिएट का कम्पनी के व्यापार में कोई हित होना चाहिए।

5. सचिवालयीन लेखापरीक्षक को फार्म एमआर-3 में सचिवालयीन लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना अपेक्षित होगा।

6. प्रैक्टिस कर रहा कम्पनी सचिव/कम्पनी सचिवों की फर्म का मुख्य दायित्व यह सुनिश्चित करना होगा कि कम्पनी अधनियम, 2013 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा सीमाओं की अधिकतम संख्या का उल्लंघन न हो।

7. प्रैक्टिस कर रहा कम्पनी सचिव/कम्पनी सचिवों की फर्म कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उल्लिखित किसी आपात्रता से मुक्त होने चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रैक्टिस कर रही

कंपनी सचिवों की फर्म द्वारा किसी कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षक अथवा आंतरिक लेखापरीक्षक के रूप में कोई कार्य धारित नहीं किया गया होना चाहिए।

3. **<u>सचिवालयीन लेखापरीक्षा शुल्क</u>**

वर्ष 2014-15 हेतु सचिवालयीन लेखापरीक्षा शुल्क को प्रैक्टिस कर रहे कम्पनी सचिव/कंपनी सचिवों की फर्म द्वारा उद्धृत किया जाना चाहिए और कार्य न्यूनतम शुल्क उद्धृत करने वाले कम्पनी सचिव/फर्म को दिया जाएगा। मूल्यों में समानता होने के मामले में चयन हेतु निम्नलिखित क्रम को अपनाया जाएगा-

(क) स्थापना के वर्ष के आधार पर अधिक अनुभव वाली फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ख) भागीदार के रूप में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के फेलो और/अथवा एसोसिएटस सदस्यों की अधिक संख्या वाली फर्म पर विचार किया जाएगा।

उद्धृत शुल्क दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।

स्थान:

दिनांक : (प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

अधिकारिक मोहर के साथ

**(लेखापरीक्षा फर्म के पत्र शीर्ष पर दिया जाना है)**

## प्रस्ताव को प्रस्तुत करने का प्रारूप

1. प्रैक्टिस कर रहे कंपनी सचिव/कंपनी सचिव की फर्म का नाम :
2. प्रैक्टिस कर रहे कंपनी सचिव/कंपनी सचिव की फर्म की भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के साथ पंजीकरण संख्या :
3. आईसीएसआई के साथ पंजीकरण का वर्ष :
4. प्रैक्टिस कर रही कंपनी सचिव फर्म का ब्यौरा :

   1) आईसीएसआई के साथ यथा पंजीकृत फर्म का पता :

   2) (क) एसटीडी कोड सहित टेलीफोन नम्बर :

   (ख) वरिष्ठ भागीदार का मोबाइल नम्बर (संपर्क प्रयोजन हेतु)

   3) एसटीडी कोड सहित फैक्स नम्बर :

   4) फर्म का ई: मेल एड्रेस-

   5) फर्म की वेबसाइट, यदि कोई हो :

   6) फर्म की पैन संख्या:

   7) फर्म की सेवा कर संख्या :

5. भागीदारों के ता संख्याभागीदारों के नाम और पते को उनकी सदस्य) की संख्यासदस्यों/ (त किया जाएसाथ प्रस्तु

   मैं हम एतदद्वारा घोषणा/करते है कि उक्त विवरण सही और सत्य है। मैं सचिवालयीन लेखापरीक्षक के नियोजन हेतु आईएसपीआरएल द्वारा जारी निबंधन एवं शर्तों का भी पालन करूंगा।

स्थान:

दिनांक : (प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

अधिकारिक मोहर के साथ

**वर्ष2014 - का प्रारूपवसायिक शुल्कहेतु सचिवालयीन लेखापरीक्षा के लिए व्या 15**

व्यावसायिक शुल्क को निम्नलिखित आधार पर एकमुश्त आधार पर उद्धृत किया जाए

| | रूपए शब्दों में | रूपए अंकों में |
|---|---|---|
| लेखापरीक्षा शुल्क (एकमुश्त) | | |
| कर | | |
| कुल | | |

शुल्क कार्य के पूरा होने और रिपोर्ट के प्रस्तुत किए जाने पर देय होगा।

स्थान:

दिनांक : (प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

अधिकारिक मोहर के साथ